सीसीएल सीएमडी ने दिया गुरुमंत्र

रांची। आईआईएम रांची में शुक्रवार को सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रबंधन शिक्षा व्यक्ति को नया दृष्टिकोण देती है और इससे व्यक्ति के नजरिये में बदलाव आता है। प्रबंधन के विद्यार्थियों में नई संभावना तैयार करनी की प्रवृत्ति बढ़ती है, जो बेहतर करियर के लिए आवश्यक है। प्रबंधन कौशल को सीख व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में नए बदलाव कर सकते हैं। आईआईएम निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का स्वागत किया।

Hindustan_24.06.2023_Pg. 04